# 2023

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

***साधारण निर्देश :***

*(i) इस प्रश्न–पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है ।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न–पत्र में दी गई प्रश्न–संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए ।*

**खण्ड — क**

**(पद्य – 8+12=20 अंक)**

1. नीचे लिखे पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6

(क) वर्षा ऋतु की स्निग्ध भुमिका
प्रथम दिवस आसाढ़ मास का
देख गगन में श्याम घन घटा
विधुर यक्ष का मन जब उचटा ।

*अथवा*

(ख) सब पर मेरी आशाएँ
सब पर मेरा एतबार है,
आगे बढ़ते जाना मेरे
जीवन का व्यापार है ।

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या 2 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 3 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4 और 5 के उत्तर लगभग 25 – 25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 6 और 7 के उत्तर एक-एक वाय में तथा प्रश्न-संख्या 8 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

2. सर सूखे पंछी उड़ै, औरै सरुह समाहिं ।

दीन मीन बिन पच्छ के, कहु रहीम, कहँ जाँहिं ।।

– रहीम के उपर्युक्त दोहे में निहित भाव स्पष्ट कीजिए । 4

3. स्पष्ट कीजिए कि 'प्रौढ़ शिक्षा' कविता में कवि प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का यथार्थ चित्रण चित्रित करता है । 3

4. 'फुटपाथ' कविता में कवि समाज की कौन-सी स्थिति को दर्शाता है ? स्पष्ट कीजिए । 2

5. 'ऐसी मूढ़ता या मन की ।

परिहरि राम भगति सुर सरिता आस करत ओस कन की ।।'

– तुलसीदास की उपर्युक्त पंक्तियों में निहित भाव स्पष्ट कीजिए । 2

6. 'पतित-पावन' कौन है ? 1

7. रहीम ने किस प्रकार के जल को धन्य कहा है ? 1

8. 'अभिमन्यु' कविता लिखने वाले कवि का नाम क्या है ? 1

(क) नागार्जुन (ख) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

(ग) पवित्र मुखोपाध्याय (घ) धूमिल

## खण्ड — ख

**(गद्य – 25 अंक)**

9. नीचे लिखे गद्यांश का सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6

(क) तुझे ऐसी जरा-सी बात का अब तक ख्याल होता है । तुझे तो खुश होना चाहिए कि उनके लिए एक रोज भूखे रहने का तुझे पुण्य मिला ।

*अथवा*

(ख) चाहे पुरुष हो या महिला, बच्चे हो या बूढ़े, प्रत्येक मैती के खून में युद्ध का रंग भरा हुआ और रण-कौशल का अभ्यास नित्य-क्रिया एक अभिन्न अंग था ।

10. 'पत्नी' अथवा 'कामाख्या की छाया में' पाठ का सारांश लगभग **160** शब्दों में लिखिए । 8

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **11** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **12** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **13** का उत्तर लगभग **25** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **14** और **15** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

11. एड्स क्या है ? एड्स के लक्षण क्या क्या हैं ? 1+3=4

12. खोङ् काङ्जै कैसे खेला जाता है ? 3

13. मुक्ना-जात्रा क्या है ? 2

14. असमीया लोक-मानस में किसकी वीरता पैठी हुई है ? 1

(क) शंकरदेव की (ख) माधवदेव की

(ग) महादेव की (घ) रानी जयमती की

15. 'साहित्यिक की मूर्तिपूजा' पाठ का लेखक कौन है ? 1

(क) अज्ञेय (ख) माखनलाल चतुर्वेदी

(ग) जैनेन्द्र कुमार (घ) लनचेनबा मीतै

## खण्ड — ग

### (पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **16** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **17** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **18** और **19** के उत्तर लगभग **25 – 25** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **20, 21** और **22** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **23** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

16. मानव के कल्याण के लिए विज्ञान ने क्या-क्या किया ? 4

17. मौर्य संस्कृति की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ? 3

18. अपने पति की नौकरी छूट जाने की बात सुनकर लज्जावती की क्या अवस्था हुई ? 2

19. आज का युग कौन-सा युग कहलाता है और क्यों ? 2

20. गुप्तकाल में कौन-कौन-सी कलाएँ अधिक विकसित हुई ? 1

21. रात्रि के समय विजयकृष्ण ने लज्जावती से क्या कहा ? 1

22. विज्ञान का प्रमुख कार्य क्या है ? 1

23. भारवि ने कितने ग्रंथों की रचना की थी ? 1

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

**खण्ड — घ**

**(वाचन - 10 अंक)**

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **24, 25** और **26** के उत्तर लगभग **25 – 25** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **27** से **30** तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए ।

24. दोहा छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए । 2

25. यमक अलंकार किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 2

26. शब्दालंकार और अर्थालंकार का अन्तर सोदाहरण लिखिए । 2

27. गीतिका छन्द का एक उदाहरण लिखिए । 1

28. व्यतिरेक अलंकार का एक उदाहरण लिखिए । 1

29. 'मुख कमल जैसा सुन्दर है ।'

– उपर्युक्त वाक्य में निहित उपमा अलंकार का भेद लिखिए । 1

30. 'सुधि आए सुधि जाए ।'

– उपर्युक्त पंक्ति में निहित अलंकार का नाम लिखिए । 1

## खण्ड — ङ

### (लेखन - 15 अंक)

31. मान लीजिए कि आप एक प्राइवेट बैंक के मैनेजर हैं । आप के बैंक में एक ख़ज़ाची (केशियर) का पद खाली है । इस पद के लिए आप योग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए । 8

32. मान लीजिए कि आप एक समाचार-पत्र 'जनता एक्सप्रेस' के सम्पादक हैं । पिछले साल मणिपुर में सूखा पड़ने के कारण फसलों की पैदावार में अत्यधिक कमी आई । इस सम्बन्ध में आप अपने समाचार-पत्र में छपाने लायक एक समाचार-लेख लिखिए । 7

## खण्ड — च

### (व्याकरण – 15 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **33** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **34, 35** और **36** के उत्तर लगभग **25 – 25** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **37** से **42** तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए ।

33. मुहावरे और लोकोक्ति की परिभाषाएँ सोदाहरण लिखिए । 3

34. तत्सम और तद्भव शब्दों की परिभाषाएँ सोदाहरण लिखिए । 2

35. सन्धि किसे कहते हैं ? व्यंजन सन्धि का एक उदाहरण लिखिए । 2

36. तत्पुरुष समास किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 2

37. "वे दुष्ट लोग हैं, जो सज्जनों की निन्दा करते हैं ।" – उपर्युक्त मिश्रित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए । 1

38. 'मोहन के चले जाने से श्याम उदास हो गया ।' – उपर्युक्त सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए । 1

39. 'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

40. 'हवाई किले बनाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

41. 'उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

42. 'सीधी उंगली से घी नहीं निकलता' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1